तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 17 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

सुरक्षा को औपचारिकता न समझे : पारीक
4



## खबर संक्षेप

### मोतियाबिंद से पीड़ित का होगा निःशुल्क ऑपरेशन, 20 तक होगा पंजीयन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य के मोतियाबिंद से पीड़ति वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क सर्जरी राष्ट्रीय आयुष्मान संस्थान (एम्स) रायपुर में निःशुल्क कराया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा उक्त शिविर में जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एम्स रायपुर ले जाने और वापस लाने की निःशुल्क आवागमन व्यवस्था की गई है। जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो मोतियाबिंद से पीड़ति हैं, वे इस शिविर में शामिल होकर निःशुल्क सर्जरी करा सकते हैं। शिविर में शामिल होने वाले वरिष्ठ नागरिकों को अपना आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ 20 मार्च तक जिला कार्यालय समाज कल्याण, जांजगीर-चांपा में उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा। अधिक जानकारी के लिए राजेश देवांगन, परिवीक्षा अधिकारी एवं रवि देवांगन से संपर्क किया जा सकता है।

### वीडियो चैलेंज, क्विज व लोगो डिजाइन प्रतियोगिता 20 को

**जांजगीर-चांपा।** ग्रामीण विकास और आजीविका से जोड़ने हेतु माय भारत पोर्टल के साथ मिलकर एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान विकसित भारत जी राम जी युवा डिजिटल अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से युवा वीडियो चैलेंज, क्विज और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर डिजिटल जनआंदोलन से जुड़ सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के माध्यम से देश के नागरिकों को रचनात्मक एवं नवाचार पूर्ण डिजाइन प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। चयनित सर्वश्रेष्ठ लोगो को आधिकारिक लोगो के रूप में अपनाया जाएगा और भविष्य में प्रचार-प्रसार तथा अन्य गतिविधियों में उपयोग किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइन करने वाले विजेता को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 50 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### हनुमान जयंती 2 अप्रैल को, किए जाएंगे दीपदान

**जांजगीर-चांपा।** राम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। जांजगीर के हदयस्थल पर विराजित दक्षिण मुख के हनुमान जी आस्था का प्रमुख केन्द्र है। मंगलवार, शनिवार, को भक्तों का भीड़ दर्शन के लिए जुटती है। हनुमान जन्मोंत्सव 2 अप्रैल गुरूवार को मनोगा। पं किरण कुमार मिश्रा श्री दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान मंदिर पुजारी पुलिस कंट्रोल रुम के सामने जांजगीर ने जानकारी दी की मंदिर में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 1 अप्रैल प्रातकाल 7:6 बजे बुधवार से 2 अप्रैल गुरुवार 7:41 मिनट तक है। जिसके कारण दो दिवस पुर्णिमा होने से दो दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुन्दर काण्ड महाज्योति दीप दान, हनुमान चालिसा दीप दान , संकट निवारण मनोंकामना दीप दान , हनुमान जन्मोत्सव पर रखा गया है। शाम सेन्दुराभिषेक 7बजे महआरती 7: 30 बजे सामुहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ हनुमत भक्तो के द्वारा किया जएगा।

### किकिरदा में अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन 20 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के अटल चौक में अखंड राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन 20 मार्च से रखा गया है। इस संबंध में अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ समिति किकिरदा के सचिव संतोष कुमार आदित्य ने बताया कि इस वर्ष श्री अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ कार्यक्रम का अध्यक्ष परसराम आदित्य को बनाया गया है। आयोजन 20 मार्च को शुभारंभ किया जाएगा। आचार्य पंडित विजय कुमार गुरुद्वान होंगे। महायज्ञ का समापन 27 मार्च दिन शुक्रवार को हवन के साथ होगा। चढ़ोतरी एवं सहस्त्रधारा का कार्यक्रम 28 मार्च को किया जाएगा।

### निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता राशि पाने किया फर्जीवाड़ा

# सरकारी योजना का लाभ लेने परलोकवासी का पंजीयन, दो के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मृत महिला के नाम से फर्जी पंजीयन करके निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता योजना की राशि पाने के मामले में पुलिस ने महिला के पति और पंचायत सचिव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है। खास बात यह है कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने इसकी लिखित शिकायत की थी, जिसके उपरांत यह कार्रवाई हुई।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने 2 मार्च को एस पी और कलेक्टर को लिखित आवेदन सौंप कर मामले की शिकायत की। इस मामले को हरिभूमि द्वारा मंगलवार 3 मार्च को "परलोकवासी का पंजीयन दूसरे दिन मरने पर मिली 1 लाख की सहायतार्थ राशि" शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशत किया गया। शिकायत में बताया गया कि बिर्रा निवासी स्व. सुमन बाई पटेल पति अशोक पटेल के नाम पर श्रम विभाग में फर्जी पंजीयन कराकर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का अनुचित लाभ लिया गया है। महिला की मौत के बाद कूटरचित दस्तावेज तैयार कर श्रम विभाग में पंजीयन कराकर फर्जीवाडा करते हुए सरकारी सहायता राशि लिए जाने का आरोप लगाया गया। शिकायत से संबंधित दस्तावेज भी दिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम बनाई गई। थाना बिर्रा में जाच शुरू की गई। साथ ही अतिरिक्त कलेक्टर के नेतृत्व में शिकायत की जांच की गई। आगनबाडी कार्यकर्ता और मितानिन के कथन लिए गए। मृत्यु पंजी, साक्ष्य, कथन एवं दस्तावेज के आधार पर सुमन बाई पटेल मृत्यु 2 जून 2025 को होना संदेहास्पद होने पर बिर्रा थाने में एफ आई आर दर्ज कराई गई। श्रम पदाधिकारी के लिखित आवेदन पर प्रथम दृष्टया पर मृतिका के पति अशोक पटेल पिता धनीराम पटेल तथा ग्राम पंचायत बिर्रा के सचिव रोहित पटेल के खिलाफ धारा 318 (4).3 (5) बी.एन.एस. का अपराध पजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना के दौरान अन्य लोगों की संलिप्तता पाए जाने पर प्रकरण में नाम जोड़ कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की बात कही जा रही है।


परलोकवासी का पंजीयन, दूसरी बार मरने पर मिली 1 लाख की सहायतार्थ राशि!
मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना में फर्जीवाड़ा उजागर
खास बातें
कराएंगे जांच
मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना

### श्रम निरीक्षक सस्पेंड

जिले में निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में गड़बड़ी के आरोप के बाद श्रम निरीक्षक लक्ष्मण मरकाम को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े प्रकरण में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने पर श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा 2 मार्च को कलेक्टर को शिकायत भेजी गई थी। इस संबंध में विधानसभा सदस्य बालेश्वर साहू द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जरिए मुद्दा उठाया गया। इसके बाद कलेक्टर जांजगीर-चांपा द्वारा कराई गई। जांच में पंजीयन आवेदन स्वीकृत करने वाले क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम, कार्यालय श्रम पदाधिकारी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित की गई है। निलंबित श्रम निरीक्षक श्री मरकाम के निलंबन अवधि के दौरान मुख्यालय कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, जिला बिलासपुर निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह आदेश श्रमायुक्त के अनुमोदन से अपर श्रमायुक्त (स्थापना), कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा आज सोमवार को जारी किया गया है।

### क्या है पूरा मामला

शिकायतकर्ता जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने अपनी शिकायत में बताया था कि बम्हनीडीह ब्लाक बिर्रा निवासी सुमन बाई पटेल पति अशोक पटेल के नाम पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में फर्जी पंजीयन कराकर मृख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का अनुचित लाभ लिया गया है। सुमन बाई पटेल निवासी ग्राम बिर्रा की मृत्यु 27 नवंबर 2024 को हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक में 4 दिसंबर को पंजीयन के लिए आवेदन किया गया। इस आवेदन पर 9 दिसंबर को उसका पंजीयन हुआ। साल बाद 2 जून 2025 को सुमन बाई पटेल की मृत्यु बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार किया गया। इस आवेदन को श्रम विभाग के अफसरों ने प्रमाणित किया और इसके बाद योजना अंतर्गत 1 लाख रुपए की सहायतार्थ राशि 17 जुलाई 2025 को स्वीकृत की गई। यह राशि महिला के वारिस के बैंक खाते में जमा की गई। इस मामले की जांच के उपरांत बिर्रा थाने में मृतका के पति अशोक पटेल और ग्राम पंचायत बिर्रा के सचिव रोहित पटेल के खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

### पीथमपुर मेला शबाब पर...



जांजगीर-चांपा। रंगपंचमी से प्रारंभ हुए पीथमपुर मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। लोग बाबा कलेश्वरनाथ के दर्शन करने के साथ साथ मौत का कुआ, झूला सहित अन्य मनोरंजन के साधनों का आनंद ले रहे है।

# 6 किलो गांजा सहित पौने पांच लाख का माल बरामद

### 2 अपचारी बालक समेत तीन आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

छह किलो गांजा, 3 नग मोबाइल सहित 4 लाख 81 हजार से अधिक का माल बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो अपचारी बालक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम भाठा परसा रोड का है।

इस संबंध में फगुरम पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना एवं चौकी क्षेत्र मे लगातार अवैध मादक पदार्थों के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये जा रहे है। 15 मार्च को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दो बाइक कुछ व्यक्ति ग्राम भांटा परसा रोड से अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते लेकर जा रहे है। मुखबीर सुचना के बारे मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी डभरा सुमीत गुप्ता एवं थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक कमल किशोर महतो के साथ एन.डी.पी.एस. एक्ट के नियमो का पालन करते हुये ग्राम भांटा परसा रोड यश पेट्रोल पंप के सामने नाकाबंदी करते हुये रेड कार्यवाही किये एवं मौके पर तलाशी व बरामदगी पंचनामा तैयार कर आरोपियो के कब्जे से पृथक पृथक एक मोटर सायकल हिरो होण्डा पैशन प्रो कमांक सीजी 11 सी ए 6383 मे अपचारी बालक नितिन कुमार पिता राजकुमार महिलांगे एवं शुभम बरेठ पिता अर्जुन बरेठ दोनो निवासी ग्राम बड़े रवेली एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 3 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करते पाये गये एवं आरोपी गोपी साहु पिता चन्द्रकुमार उम्र 20 वर्ष निवासी पिहरीद थाना मालखरौदा जो अपने हिरो स्पेलेंडर काला रंग की बाइक क्रमांक सीजी सीजी 11 बीयु 5457 के हेण्डल में लटके एक लाल पीले रंग के प्लास्टिक के झोला में भरा 3 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल जुमला 6.194 किलो ग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त 3 नग मोबाईल व 4 लाख 81 हजार 550 रुपए को बरामद किया गया आरोपियो के द्वारा जप्त मादक पदार्थ गांजा के संबंध मे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने पर उक्त मादक पदार्थ गांजा को जप्त कर धारा 20 बी एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी एवं अपचारी बालको को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर 16 हजार बालिकाओं को लगाएंगे वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय टीकाकरण के अवसर पर गर्भाशय के मुख के कैंसर से बचाव के उद्देश्य से जिले में मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीव्ही) से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। जिसके तहत 16 हजार बालिकाओं को वैक्सीन लगाए जाएंगे।

**खास बात**
- जिला चिकित्सालय में अवकाश को छोड़कर लगेंगे टीके

इसके तहत कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में 16 मार्च को जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा में एचपीव्ही टीकाकरण किया गया। इस दौरान बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीन लगाई गई तथा उन्हें टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई एवं कलेक्टर ने प्रमाण पत्र का वितरण किया। कलेक्टर ने कहा कि यह टीकाकरण अभियान यह टीकाकरण महिलाओं में होने वाले गर्भाशय के मुख के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले की लगभग 16 हजार बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर नियमित रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचपीव्ही वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है, शासकीय अस्पतालों में यह टीका बालिकाओं को केवल एक बार लगाया जाएगा, जो पूर्णतः निःशुल्क है। टीकाकरण के लिए बालिकाओं को अपने अभिभावक के साथ जिला चिकित्सालय आना आवश्यक है। साथ ही आयु सत्यापन के लिए आधार कार्ड अथवा जन्म प्रमाण पत्र तथा पंजीयन हेतु अभिभावक का मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीन लगवाकर उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अनिता श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ एस कुजुर सहित चिकित्सकगण व संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### जुआ खेलने वाले 7 जुआरियों के कब्जे से नकदी व मोबाइल जब्त

**बाराद्वार।** जुआ खेल रहे 7 जुआरियों के कब्जे से 17 हजार नगदी, 8 मोबाइल एवं 9 बाइक जब्त किया गया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम कड़ारी का है। बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 7 जुआरियो के विरूध्द कार्यवाही कर नगदी रकम 17 हजार रुपए, 8 नग मोबाईल एवं 9 बाइक की जब्ती बनाई गई है। पुलिस ने ईरसाद अहमद पिता अफसाफ अहमद निवासी पाढ़ी घाट चांपा थाना चांपा, संतोष कुमार दिवाकर पिता रामलाल दिवाकर निवासी सरहर थाना बाराद्वार, सत्यनारायण देवांगन पिता लोचन देवांगन निवासी संजय नंगर चांपा, शिशाल पटेल पिता धरम लाल पटेल निवासी जोगीपाली, नंद कुमार राठौर पिता महेश्वर राठौर उम्र 34 साल निवासी झरना थाना नगरदा, विजेन्द्र टण्डन पिता दुखु राम टण्डन निवासी व किशन लहरे पिता लक्ष्मण प्रसाद लहरे को गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 17500 रूपए, 8 नग मोबाईल एवं 9 बाइक को जप्त किया गया जिसे जुआ एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया।

## मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना पड़ा महंगा, काटा 15 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना चालकों को महंगा पड़ गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से 15 हजार का जुर्माना वसल किया गया है। यातायात पुलिस ने तीन सवारी सहित यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस जांजगीर-चांपा द्वारा मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर परिवहन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान ऐसे वाहन चालकों पर निगरानी रखी गई जो नियमों का उल्लंघन करते हुए मालवाहक वाहनों में लोगों को बैठाकर यात्रा करवा रहे थे। यातायात चेकिंग के दौरान 3 पिकअप वाहन चालकों को मालवाहक वाहन में सवारी बैठाकर परिवहन करते हुए पाया गया। उक्त सभी वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार 900 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। सुरक्षा के लिए मालवाहक वाहन में यात्रा से बचें। यातायात पुलिस ने दुर्घटना से देर भली, मालवाहक वाहन में सवारी बिल्कुल न करें। नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें। मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाएं यातायात पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामकुमार जैन, निरीक्षक सुभाष चौबे, एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, आरक्षक धर्मेंद्र तिवारी, राजू शर्मा, सुनील राजपूत, पुरुषोत्तम राजपूत एवं सैनिक राजेंद्र राठौर का योगदान रहा।



मालवाहक वाहन में सवार लोग।

### अवैध शराब बिक्री मामले में महिला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं भंडारण मामले में महिला को गिरफ्तार किया गया है। मामला सक्ती जिले के ग्राम लवसरा का है। इस संबंध में आबकारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 16 मार्च को आबकारी वृत्त सक्ती की टीम को मुखिबर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम लवसरा निवासी उषा सतनामी पति राजू सतनामी अपने घर में महुआ शराब रखकर उसकी बिक्री करता है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने महिला के घर दबिश दी। इस दौरान प्लास्टिक के 22 पाऊच में रखे किुल 5 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। आबकारी अधिकारियों ने मौके पर ही शराब को जब्त कर लिया है। वहीं आरोपी महिला उषा सतनामी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया। इसके बाद महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल एवं उनकी टीम का योगदान रहा।

### चिकित्सा व्यवस्था के साथ साथ बंदियों का जाना हाल-चाल

# प्रधान जिला न्यायाधीश व कलेक्टर ने जेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के प्रधान न्यायाधीश एवं कलेक्टर के साथ साथ विभिन्न अधिकारियों की टीम ने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस बीच बंदियों से चर्चा की। साथ ही साथ भोजन व्यवस्था को लेकर भी जानकारी ली।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गये निर्देशानुसार बोर्ड आफ विजिटर्स के द्वारा जिला जेल जांजगीर का निरीक्षण प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा शक्ति सिंह राजपूत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर मनोज कुमार कुशवाहा, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, नगर पुलिस अधीक्षक जांजगीर सुश्री योगिता खापेडे की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डी.डी. टोडर, अधिवक्ता लीगल एट डिफेंस काउंसिल सत्यनारायण सिंह ठाकुर, विनोद कुमार कश्यप, विष्णु प्रसाद अग्रवाल, अशोक यादव, पैरा लीगल वालेंटियर लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, जयराम गढ़ेवाल सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जिला जेल लीगल एड क्लिनिक की व्यवस्थाओं, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, बैरकों के निर्माण, मुलाकात कक्ष, बंदियों को प्रदत सुविधा, भोजन की गुणवत्ता, शिकायत पेटी, पेयजल की व्यवस्था, बंदियों की कपड़ा की दशा, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों के प्रकरण में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही बैरकों के निर्माण, मुलाकात कक्ष, बंदियों को प्रदत सुविधा, भोजन की गुणवत्ता, शिकायत पेटी, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था पर चर्चा हुई।




जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रधान जिला न्यायाधीश व कलेक्टर।

## दुकानदार से मारपीट करने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

किराना दुकान के संचालक से मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला देवरी सारागांव का है।

इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय प्रार्थी सुशील पाण्डेय निवासी ग्राम मुडपार, थाना सारागांव ने थाना सारागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 मार्च की रात्रि लगभग 12:30 बजे गांव के ही आनंद उर्फ पप्पू सूर्यवंशी,अविनाश सूर्यवंशी एवं विक्की सूर्यवंशी उसकी दुकान के पास आए और सिगरेट व गुटखा मांगे। सामान देने के बाद जब प्रार्थी ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज और अंदर घुसकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना सारागांव में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 331(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आनंद उर्फ पप्पू सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष, अविनाश सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष व विक्की सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया गया।



## क्राइम की खबरें



### प्रेरणा महिला समिति ने स्कूल बैग फ़ूड पैकेट का किया वितरण

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा की प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में उनके सहयोगियों द्वारा शनिवार को प्राथमिक शाला दुरैना में सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला दुरेना के छात्र को को स्कूल बैग वितरित किए गए। साथ ही वहाँ उपस्थित सभी छात्र को स्वल्पाहार स्वरूप फूड पैकेट भी प्रदान किए गए। यह सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यक्रम प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में उनके सहयोगियों श्रीमती प्रियंका खरे, श्रीमती रश्मि टंडन, श्रीमती बबीता मेहरा, श्रीमती इतिश्री बड़ई एवं श्रीमती शीला श्रीवास के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### लीजेंड कप टूर्नामेंट का समापन कुसमुंडा बना विजेता



**कोरबा।** जिले में लगातार हो रहें टूर्नामेंट मे एक टुनमेंट सीएसईबी ग्राउंड मे भी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया जिसका फाइनल मैच का समापन सीएसईबी ग्राउंड में खेला गया, फाइनल मैच कुसमुंडा लीजेंड ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर संजू देवी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, चीफ इंजीनियर संजू करशान, साइबर प्रभारी ललित चंद्र, डॉ आशीष अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, एनडी अग्रवाल, गुरमीत सिंह सिंधु, शैलेश चौधरी, राजेश राठौर, पार्षद रामकुमार साहू उपस्थित रहे। लीजेंड कप 2026 यूनिक क्लब एकेडमी के मध्य खेला गया। इस आयोजन में 13 टीमों ने शिरकत की। जिसमें फाइनल में कोरबा लीजेंड और कुसमुंडा लीजेंड फाइनल मैच तक का सफर तय किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लीजेंड कोरबा के द्वारा 20 ओवर 99 रन का लक्ष्य कुसमुंडा लीजेंड टीम को दिया गया। कुसमुंडा ने इस लक्ष्य को 11.2 ओवर में ही पूरा कर लिया। विजेता टीम को 15 हजार रुपए नगद राशि व ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम को 10 हजार रुपए एवं शील्ड के साथ सम्मानित की गई।

### अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा-पश्चिम की मेजबानी में आयोजित की जा रही है। हसदेव खेल परिसर स्थित कबड्डी ग्राउंड पर मुख्य अभियंता एचके सिंह की अध्यक्षता में खेल का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर खिलाड़यों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ मैदान पर उतरें और खेल का आनंद लें। इनॉग्रेशन मैच एचटीपीएस कोरबा पश्चिम व एबीवीटीपीएस मड़वा के बीच खेला गया। दूसरा मैच रायपुर रीजन और रायपुर सेंट्रल के बीच हुआ। स्पर्धा में पॉवर कंपनीज की सात रीजन की टीम हिस्सा ले रही हैं। इनमें बिलासपुर रीजन, एचटीपीएस कोरबा-पश्चिम, रायपुर रीजन, रायपुर सेंट्रल, एबीटीपीएस मड़वा, जगदलपुर रीजन और दुर्ग रीजन शामिल हैं। पिछले वर्ष कबड्डी स्पर्धा का आयोजन जगदलपुर में किया गया था। वहां बिलासपुर रीजन की टीम ने खिताब अपने नाम किया था।

### यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने किया महिलाओं का सम्मान



**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की कोरबा इकाई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया । कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान समारोह विद्युत कम्पनी के सीनियर क्लब में किया गया। कोरबा एवं बिलासपुर से 80 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमती अलका कंसल मुख्य अतिथि एवं संजीव कंसल मुख्य अभियंता डीएसपीएम विशिष्ट अतिथि थे। श्रीमती कंसल ने कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। संजीव कंसल ने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक महिला का जीवन बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक बदलता है और वे किस प्रकार वह जीवनसाथी के रूप में पुरुषों का साथ देती है। यूथ हॉस्टल के राज्य चेयरमैन संदीप सेठ ने मुख्य अतिथि श्रीमती कंसल, यूनिट अध्यक्ष सतीश शुक्ला एवं उपाध्यक्ष त्रिभुवन कौशिल ने विशिष्ट अतिथि संजीव कंसल का स्वागत किया।

# हिन्दू नववर्ष के लिए शहर सजकर तैयार, ड्रोन से पुलिस करेगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शहर में दो प्रमुख हिंदू संगठनों द्वारा विशाल रैली और झांकियां निकाली जाती है। इसके लिए शहर को सजाने संवारने का काम जोर-शोर से चल रहा है और वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की खामी ना रहे इसके लिए प्रशासन और पुलिस की टीम ने भी तैयारी शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख मार्ग को इसके लिए बंद भी किया जा सकता है क्योंकि रैली के दौरान लोगों की भारी विशाल भीड़ और झांकियां निकलती है सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन और पुलिस इसके लिए तैयारी में जुटा हुआ है। बताया जाता है कि इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों रैलियों पर ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शहर के सीतामणी से लेकर टीपी नगर और कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से टीपी नगर तक दो प्रमुख हिंदू संगठनों द्वारा विशाल जुलूस और झांकी निकाली जाती है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से झांकी, डांस सहित डीजे व अन्य तरह के नाटक कलाकार बुलाए जाते हैं। इस बार भी दोनों संगठनों ने जोर-शोर से तैयारी की है और प्रदेश के विभिन्न राज्यों से ऐसे ही झांकी प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को बुलाया गया है जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। यह रैली शहर के हृदय स्थल से होकर गुजरता है और शहर के हृदय स्थल में ही बंद होता है। रैली दोपहर को शुरू होती है और देर रात तक चलती है इसके मद्देनजर शहर के प्रमुख मार्ग कोसाबाड़ी से लेकर सीतामणी तक मुख्यमार्ग को बंद किया जाता हैं। हिंदू नववर्ष की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है मात्र तीन दिन है शेष है।

ऐसे में शहर के चारों तरफ संगठनों द्वारा सजाने संवारने का काम अंतिम चरण पर है। शहर में चारों तरफ लाइटिंग व आकर्षक झालर लगाए हैं जिसकी वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है तो वहीं दूसरी ओर इस रैली को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखनलाल पटले व नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगी हुई है। बताया जाता है कि पुलिस अफसर द्वारा इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है और चप्पे चप्पे पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों रैलियों पर ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी।

#### दीगर जिलों से भी बुलाया जा रहा है बल

पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिले में हिंदू नववर्ष को धूमधाम से मनाया जाता है और खासतौर पर झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में आम जनता की भीड़ उमड़ी रहती है। इस दौरान खतरा भी बना रहता है और किसी तरह की सुरक्षा में चूक ना हो इसके लिए पुलिस के अधिकारी हर बिंदुओं को लेकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बताया जाता है कि सुरक्षा में पुलिस की चाक चौबंद बनी रहे इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को बुलाया जा रहा है। दीगर जिलों से बल आने के बाद उनकी एक दिन पहले ही ड्यूटी लगा दी जाएगी और जिला पुलिस के अफसर के साथ दीगर जिलों से पहुंचे पुलिस के अधिकारी कर्मचारी शहर के चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे।

#### ड्रोन से होगी नजर

हिन्दू नववर्ष के लिए शहर में दो प्रमुख कार्यक्रम होते हैं जिसके लिए पुलिस सभी तैयारियां शुरु कर दी है। लगभग 6 से 7 सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरा के माध्यम से सीधे निगरानी की जाएगी। प्रत्येक रैली में अलग अलग स्थानों पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारी सादे वर्दी में भी तैनात रहेंगे।

-प्रतीक चतुर्वेदी,
नगर पुलिस अधीक्षक

## मौसम में आया अचानक बदलाव, कई जगह हुई बारिश

# कटघोरा में तेज आंधी से मुख्य मार्ग पर गिरा सांकेतिक बोर्ड, बाल-बाल बचे राहगीर



सड़क पर गिरा सांकेतिक बोर्ड।



इस तरह धूल का उठा था गुब्बार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण तेज आंधी और हल्की से मध्यम बूंदाबांदी हुई। जहां एक ओर इस बदलाव से भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली, वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

कटघोरा–अंबिकापुर मार्ग स्थित न्यू बस स्टैंड के पास लगा भारी-भरकम सांकेतिक बोर्ड तेज आंधी के चलते अचानक मुख्य मार्ग पर गिर गया। जिस समय यह बोर्ड सड़क पर गिरा, उस वक्त मार्ग से कई राहगीर और वाहन गुजर रहे थे। हालांकि सौभाग्य से कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया और सभी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों और आसपास के लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। तुरंत इसकी सूचना नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग और कटघोरा थाना पुलिस को दी गई। सांकेतिक बोर्ड सड़क पर गिरने से मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों की मदद से गिरे हुए बोर्ड को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने मौके पर मौजूद रहकर यातायात को नियंत्रित किया और जाम की स्थिति को धीरे-धीरे सामान्य कराया। बोर्ड को हटाए जाने के बाद मार्ग पर यातायात फिर से सुचारु रूप से शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय सड़क पर अधिक भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल प्रशासन द्वारा बोर्ड हटाने के बाद स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई है।

#### शहर में भी हुई बूंदाबांदी

दोपहर बाद मौसम में आए बदलाव का असर जिले के ग्रामीण व उपनगरीय क्षेत्रों के अलावा शहर में भी पड़ा। तेज हवाओं के साथ शहर का कुछ हिस्सा राखड़मय हो गया था। मुख्य मार्गों में राखड़ की धूल छा गई थी। वही शाम 5 बजे के लगभग बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग ने दो दिन पूर्व ही मौसम में बदलाव के संबंध में अलर्ट जारी किया था। जिसका असर रविवार दोपहर बाद तेज आंधी और बूंदाबांदी के रूप में नजर आया। हालांकि शहर में तेज आंधी से किसी भी तरह की जान माल की हानि नहीं हुई है।



वाहनों की जांच करती पुलिस।

# एमव्ही एक्ट के तहत 50 लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत शनिवार को कोतवाली पुलिस के द्वारा असामाजिक तत्वों एवं आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। सूचना प्राप्त हुई कि इमली डुग्गू रेलवे कॉलोनी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस के द्वारा तत्काल मौके पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान इमली डुग्गू रेलवे कॉलोनी निवासी अश्वनी यादव पिता स्व. छौवरा यादव, उम्र 38 वर्ष को अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जप्त कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कोतवाली पुलिस के द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इसी तरह गौ माता चौक के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 50 लोगों पर कार्यवाही की गई। साथ ही चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कोतवाली पुलिस के द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई।

# इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक ट्रेलर चालकों की थी दंबगई, पुलिस की गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के इंदिरा स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौक में ट्रेलर चालक लगातार मनमानी कर रहे थे और सड़क के किनारे अपनी ट्रेलर वाहनों को खड़ी कर देते थे, जिससे गुजरने वाले लोगों को बिल्कुल भी मार्ग नहीं मिलता था यहां तक की एंबुलेंस तक नहीं गुजर पाती थी। आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। लगातार बढ़ती शिकायतों को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की टीम पहुंची और सड़क पर बेतरतीब खड़े ट्रेलर चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत वाहनों को जब्त किया गया।

**खास बात**
- पुलिस की विशेष टीम ने शहर में चलाया अभियान

उल्लेखनीय है कि शहर के इंदिरा स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौक में पिछले लंबे समय से ट्रेलर चालक सड़क पर मनमानी ढंग से वाहनों को खड़ा कर देते थे और जल्दी गुजरने के चक्कर में सड़क पर दो से तीन लेयर तैयार हो जाती थी। जिसकी वजह से सड़क में जाम की स्थिति निर्मित रहती थी और मार्ग से आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव, यातायात सउनि मनोज राठौर सहित पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की टीम रविवार को इस मार्ग पर पहुंचे और सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रेलर चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। सभी वाहनों को धारा 283 के तहत जब्ती की कार्यवाही की गई है। यातायात सउनि मनोज राठौर ने बताया कि अब निरंतर इस मार्ग में मनमानी ढंग से वाहन खड़ा करने वाले चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। सभी चालकों को निर्देश जारी किया गया है कि इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक सड़क के किनारे ट्रेलर को पार्क नहीं करना है यदि ऐसे करते पाए गए तो धारा 283 के तहत कार्यवाही की जाएगी।



ट्रेलर वाहन की जब्ती करती पुलिस की टीम।

# अग्रवाल समाज का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल सभा कटघोरा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन कटघोरा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क जांच और परामर्श उपलब्ध कराना था।

**खास बात**
- 115 लोगों ने लिया लाभ

इस स्वास्थ्य शिविर में कटघोरा, कोरबा, पाली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और शिविर का लाभ उठाया। कुल 115 लोगों ने इस शिविर में अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में आए मरीजों को विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में बिलासपुर से पधारे गैस्ट्रो एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ. आकाश गर्ग तथा फिजिशियन एवं शुगर विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। दोनों चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को खानपान, दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस शिविर में कई महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं, जिनमें लिवर जांच, लिवर फंक्शन टेस्ट, हेपेटाइटिस बी एवं सी, कोलेस्ट्रॉल जांच, शुगर जांच तथा यूरिक एसिड जांच शामिल थीं। इस अवसर पर अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं समाज के अनेक गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



शिविर का लाभ उठाते समाज के लोग।

# शहर के यात्रियों को मैहर देवी दर्शन के लिए यात्री ट्रेन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा शहर से देवी दर्शन के लिए एकमात्र यात्री गाड़ी डोंगरगढ़ एक्सप्रेस ही है। उसके अलावा अन्य सभी ट्रेनें बिलासपुर से है। इन्हीं यात्री सुविधाओं में शहर के यात्रियों को मैहर जाने के लिए दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस की भी सुविधा मिलेगी। जो उसलापुर से निकलकर सुबह 4 बजे मैहर पहुंचेगी। रेलवे ने इस यात्री गाड़ी का स्टॉपेज मैहर में दिया है।

पिछले कुछ समय से शहर के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रा में जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है लेकिन तमाम संघर्ष के बाद भी कोई सीधी ट्रेन कोरबा से नहीं शुरु हो सकी है। एकमात्र यात्री गाड़ी डोंगरगढ़ एक्सप्रेस ही है जो कोरबा से चलती है। इसके अलावा मध्य भारत का प्रसिद्ध देवी मंदिर मैहर जाने के लिए बिलासपुर और उसलापुर से मिलती है। इनमें बिलासपुर रीवां एक्सप्रेस जो शाम 7.20 बजे बिलासपुर से चलकर सुबह 4 बजे मैहर पहुंचती है। सबसे ज्यादा भीड़ होने की वजह से इस यात्री गाड़ी में अतिरिक्त कोच लगाना पड़ता है उसके बावजूद कंफर्म टिकट यात्रियों को नहीं मिल पाता। बिलासपुर से ही रवाना होने के कारण शहर के यात्रियों के लिए ये एक बड़ी सुविधा है।



#### अब 8 घंटा पहले बन रहा है रिजर्वेशन चार्ट

नवरात्रि का पर्व आने के कारण मैहर सहित विंध्यावासिनी विंध्याचल सहित अन्य देवी दर्शन जाने के लिए यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। वेटिंग की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई है। आम लोगों को तत्काल और प्रीमियम तत्काल का सहारा रहता है लेकिन वह भी काउंटर खुलते ही बहुत जल्द समय में बुक हो जाते हैं। वहीं रेलवे ने अब रिजर्वेशन चार्ट यात्री गाड़ी शुरु होने के 8 घंटा पहले तैयार करने लगा है। इससे भी यात्रियों को अब रिक्त सीट की भी जानकारी नहीं मिल पा रही है। इसके पूर्व रिजर्वेशन चार्ट यात्री गाड़ी रवाना होने के 4 घंटा पहले तैयार होता था। जिससे यात्रियों को कैंसिल टिकट की जानकारी होने पर टिकट मिल जाती थी।

## 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि, देवी मंदिरों में तैयारियां तेज

**कोरबा।** चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च से प्रारंभ हो रही है। संवत्सर के अंतिम दिन से शुरू होने वाली यह नवरात्रि ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत शुभ मानी जा रही है। इस बार शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थसिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है, जिससे मां आदिशक्ति की आराधना को अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस वर्ष मां जगदंबा डोली पर सवार होकर आएंगी। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि का शुभारंभ होगा। इस दिन अमावस्या तिथि उदयकाल में रहेगी, जबकि प्रतिपदा तिथि पूरे दिन रहेगी। इसी दिन हिन्दू नववर्ष का भी शुभारंभ होगा, जिसे जिले भर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में कलश स्थापना और विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी जोरों पर है। हसदेव तट स्थित मां सर्वमंगला मंदिर, मां मड़वारानी, छुरीकला स्थित मां कोसगई मंदिर, चैतुरगढ़ स्थित मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर तथा सीतामणी स्थित वैष्णो दरबार सहित शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों को रंग-रोगन और आकर्षक झालर लाइटों से सजाया जा रहा है।

जाँजगीर मार्केट
फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा जिला सक्ती ( छ.ग.)
रा.प्र.क्र./ /अ-2/2025-26
ग्राम-डोंगरीडीह तहसील-छपोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरनारायण पिता जग्गनथिया जाति-तेली निवासी ग्राम-डोंगरीडीह तहसील-छपोरा जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम-डोंगरीडीह तहसील-छपोरा जिला- सक्ती (छ.ग.) में स्थित पैतृक भूमि खसरा नंबर 116/12 रकबा 0.0160 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा, नक्शा, बी-1, रजिस्ट्री पेपर एवं अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 17/3/26 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 2/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा, जिला सक्ती(छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफ Style

# निकिता

## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।



हॉलीवुड मसाला



# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जैक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले में ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'



# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

**लॉस एंजिल्स।** सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।



# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी। यह गाना आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है और इसी गाने ने उन्हें दर्शकों के बीच यादगार बना दिया।



# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिलम 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

टीवी मसाला



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी। यह बात आरुषि को बुरी लगी, उसने कृष्णा से सवाल-जवाब किया। इस दौरान कृष्णा ने कहा कि उनकी प्रायोरिटी सिर्फ 'द 50' शो है, ना कि कोई प्रतियोगी। इस तरह से कहीं ना कहीं कृष्णा ने अपने ही टीम मेंबर को शो में बने रहने के लिए धोखा दिया। आरुषि को वोट आउट करने से पहले ही कई प्रतियोगी दो दिन पहले ही शो से बाहर हो चुके थे। इस लिस्ट में डांसर सपना चौधरी और इंफ्लुएंसर मनीषा रानी शामिल हैं। सपना चौधरी इस शो के कारण काफी चर्चा में आईं, उनके बाकी प्रतियोगियों से काफी झगड़े भी हुए।'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिंस नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। 'द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।

## जसकोमल पर दिल हार बैठीं पवित्रा

**नई दिल्ली।** अपनी सगाई की घोषणा के लगभग छह महीने बाद, पवित्रा पुनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पवित्रा के मंगेतर का चेहरा सामने आ गया है। उनके होने वाले पति जसकोमल सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया है, जिसमें वो पवित्रा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। जसकोमल सिंह अमेरिका में रहते हैं और एक बिजनेसमैन हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं, जैसा कि पवित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा था। संगीत से उन्हें काफी लगाव है। उनका इंस्टाग्राम गाने के वीडियो से भरा पड़ा है।



उनके इंस्टाग्राम पर करीब 23.7 हजार फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे सिर्फ 52 लोगों को फॉलो करते हैं। पवित्रा ने बताया था कि वे काफी समय से साथ हैं और यह रिश्ता उन्हें सही लगता है। उनका परिवार भी इस रिश्ते से बहुत खुश है। इससे पहले पवित्रा का रिश्ता अभिनेता एजाज खान से था।

# किसी ने महज 10 साल में जीता अवॉर्ड तो किसी को मिली प्लास्टर की ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** पहला ऑस्कर समारोह 16 मई 1929 को लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड रूजवेल्ट होटल में एक निजी डिनर के रूप में आयोजित किया गया था। यह समारोह सिर्फ 15 मिनट ही चला था। पहले ऑस्कर अवॉर्ड में विंग्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला था। जबकि एमिल जैनिंग्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेनेट गेनर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनी थीं। वहीं फ्रैंक बोरजेज को 'सेवन हेवन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ड्रामा) का ऑस्कर मिला था।

व्यक्तिगत तौर पर वाल्ट डिज्नी ने सबसे अधिक 26 ऑस्कर जीतने का रिकॉर्ड बनाया है, और उन्हें 59 बार नामांकित किया गया था।

अमेरिकी अभिनेत्री टैटम ओ नील सबसे कम उम्र में ऑस्कर जीतने वाली शख्स हैं। उन्होंने सिर्फ 10 साल की उम्र में 'पेपर मून' फिल्म के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया था।

क्रिस्टोफर प्लंबर ऑस्कर जीतने वाले सबसे उम्रदराज कलाकार हैं। उन्होंने 82 साल की उम्र में यह अवॉर्ड जीता।

कैथरीन बिगेलो ऑस्कर जीतने वाली पहली महिला निर्देशक हैं। उन्हें 2010 में फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए यह अवॉर्ड मिला था।



साउंड मिक्सर केविन ओ कोनेल एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने 20 नॉमिनेशंस के बावजूद आज तक कोई ऑस्कर नहीं जीता है।

जैक निकोलसन सबसे ज्यादा बार नॉमिनेट होने वाले एक्टर हैं जिन्हें 12 ऑस्कर्स मिल चुके हैं।

जीवित व्यक्तियों में सबसे ज्यादा बार कंपोजर जॉन विलियम्स को नॉमिनेट किया गया है। उन्हें 49 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं।

पीटर फिंच और हीथ लेजर एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं जिन्हें मरणोपरांत ऑस्कर से सम्मानित किया गया है।

ऑस्कर की ट्रॉफी सोने की बनी होती है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑस्कर की ट्रॉफी प्लास्टर की दी गई थी। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान धातु की कमी के कारण, 3 साल तक ऑस्कर की मूर्तियां सोने के बजाय प्लास्टर की बनाई गई थीं।

1938 में अमेरिकी एक्टर एडगर बर्गन को ऑस्कर की अनोखी ट्रॉफी दी गई थी। ये ट्रॉफी लकड़ी की बनी हुई थी, जिसमें एक चलता हुआ मुंह था, जो चार्ली मैकार्थी की वेंट्रिलोक्विज़्म विशेषता को दर्शाता था।

ऑस्कर के इतिहास में केवल 3 लोग ही ऐसे हैं जिन्होंने ये अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनमें डडली निकोल्स, जॉर्ज सी. स्कॉट और मार्लन ब्रांडो के नाम शामिल हैं। इन्होंने व्यक्तिगत सिद्धांतों और राजनीतिक विरोध के चलते पुरस्कार लेने से मना किया था।

जेनिफर लॉरेंस ने 2013 में ऑस्कर में 40 लाख डॉलर की ड्रेस पहनी थी, जो ऑस्कर इतिहास की सबसे महंगी ड्रेसों में से एक है।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बाद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं।



स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्ममेकर्स मानते थे लकी, गरीबी में तोड़ा दम

# हीरालाल : भारतीय सिनेमा का पहला विलेन, देश की आजादी के लिए लड़ा

***मुंबई।** जब भी भारतीय सिनेमा के आइकॉनिक विलेन्स की बात होती है, तो जेहन में शाकाल, मोगेम्बो और गब्बर जैसे किरदार और उन्हें निभाने वाले एक्टर्स के चेहरे ही उभरते हैं, लेकिन जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला विलेन कौन था? भारतीय सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई थी। तब पहली बार लोगों को फिल्मों और फिल्मी पर्दे के बारे में पता चला था। फिर धीरे-धीरे फिल्मों में नेगेटिव किरदारों की शुरुआत हुई, तो सबसे पहला मौका इसी एक्टर को मिला। ये थे हीरालाल यानी हीरालाल ठाकुर, जिन्हें भारतीय सिनेमा का पहला विलेन माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भारतीय सिनेमा में विलेन के किरदारों की शुरुआत हीरालाल ने ही की थी। लेकिन हीरालाल की उपलब्धि सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रही। बल्कि वह देश की आजादी की लड़ाई भी लड़े। हीरालाल ने अपने 50 साल से अधिक लंबे करियर में 150 फिल्में कीं, पर अफसोस कि जब उनकी मौत हुई, तो जेब में एक फूटी कौड़ी नहीं थी। 'संडे सिनेमा' की स्पेशल सेगमेंट में भारतीय सिनेमा के इसी नायाब हीरे यानी हीरालाल ठाकुर की कहानी बता रहे हैं।*



### निभाए ज्यादातर नेगेटिव किरदार

हीरालाल ठाकुर ने वैसे तो फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट का रोल ही प्ले किया था, पर उनके ज्यादातर किरदार नेगेटिव थे। इसी वजह से उन्हें भारतीय सिनेमा का 'बैडमैन' कहा जाने लगा था। हीरालाल साल 1912 में लाहौर में पैदा हुए थे। परिवार में कोई भी फिल्मों में नहीं था, लेकिन उन्हें रामलीला देखकर एक्टिंग का शौक लग लग गया। रामलीला में भी वह रावण के किरदार से प्रभावित थे। यह प्रभाव इस कदर हावी था कि हीरालाल ने विलेन बनकर छाने और नेगेटिव किरदार से ही शुरुआत करने का फैसला कर लिया।

### इस फिल्म ने रातोंरात बनाया स्टार

हीरालाल इसी ख्वाहिश के साथ फिल्मों में आ गए। उन्होंने साइलेंट फिल्मों के दौर में सिनेमा में कदम रखे थे। हीरालाल ठाकुर को पहली फिल्म साल 1924 में ऑफर हुई थी, जिसका नाम 'सफदर जंग' था, लेकिन उन्होंने शूटिंग 1929 में फिल्मों में एंट्री के बाद शुरू की थी। इसी के साथ हीरालाल को 'डॉटर्स ऑफ टुडे' नाम की एक फिल्म भी ऑफर हुई। वह फिल्म 'सफदर जंग' से पहले रिलीज हो गई। यह 1928 में आई थी और हीरालाल की बतौर डेब्यू पहली फिल्म मानी जाती है। इसके बाद जब 'सफदर जंग' रिलीज हुई, तो वह ब्लॉकबस्टर रही और हीरालाल छा गए।

### बंटवारे के बाद भारत आए

फिर आया साल 1945, जब बंटवारे की बादल हावी होने लगे। उसी दौरान हीरालाल ने लाहौर में दर्पणरानी नाम की एक लड़की से शादी कर ली और पांच बेटे-एक बेटी के पिता बने। साल 1947 में बंटवारा हुआ तो हीरालाल पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए और कोलकाता में बस गए। फिर वहां से 1949 में बॉम्बे चले गए। चूंकि, हीरालाल की पंजाबी, उर्दू, हिंदी और इंग्लिश भाषा पर अच्छी-खासी पकड़ थी, इसलिए उन्हें बॉम्बें में काम ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं हुई। फिल्मों में भी आसानी से काम मिल गया।

### ऑल टाइम हिट फिल्में



कृष्ण लीला (1946), सीता (1934), मेरी बहन (1944), अरेबियन नाइट्स (1946), महबूबा (1954), शाह बेहराम (1955), रियासत (1955), सिंदबाद, अलीबाबा और अल्लादीन (1965), शीबा और हरक्यूलिस (1967), अलीबाबा (1976)।

### 20 साल में 20 फिल्में

इस एक फिल्म ने हीरालाल को साइलेंट फिल्मों के दौर के टॉप स्टार्स में ला खड़ा किया। इसके बाद हीरालाल के पास फिल्मों की लाइन लग गई। 'सिनेमाजी' के मुताबिक, उन्होंने 1928 से साल 1948 के बीच करीब 20 फिल्में कीं, जिनमें विलेन और नेगेटिव रोल प्ले किए। वो सभी फिल्में हिट रहीं और मेकर्स उन्हें अपना लकी चार्म मानने लगे। बताया जाता है कि उसके बाद सभी मेकर्स हीरालाल को अपनी फिल्म में साइन करने के लिए उत्साहित रहते थे। उनकी ज्यादातर फिल्में हिट हो जाती थीं। इनमें 'कृष्ण लीला', 'सीता' और 'मेरी बहन' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने करियर में हीरालाल ने सिर्फ नेगेटिव किरदार ही निभाए, बल्कि पौराणिक, एक्शन और फैंटेसी जॉनर की फिल्मों में भी हाथ आजमाया, और वहां भी उन्हें सफलता ही हाथ लगी।

## खबर संक्षेप

### किकिरदा के अटल चौक के पास हुआ शिव ध्वजारोहण



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के अटल चौक के पास में शिव ध्वजारोहण किया गया। परमात्मा शिव के अवतरण के यादगार स्वरूप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जाता है। इसी उपलक्ष्य में 16 मार्च सोमवार संध्या 6 बजे कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर विश्वास के निवास में किया गया। इस दौरान शिव ध्वजारोहण फहराया गया। ब्रह्माकुमारी संस्था का मानना है कि परमात्मा शिव भोलानाथ हम सब के परमपिता है। उनका भी इस सृष्टि पर आना होता है परंतु वे ज्योति स्वरूप होने के कारण साधारण तन का आधार लेते हैं, जिनका नाम वे प्रजापिता ब्रह्मा रखते हैं। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के मुख्य सेवा केंद्र भड़ेसर के सेवा केंद्र बिर्रा के ब्रह्माकुमारी चंद्रिका बहन एवं बिर्रा क्षेत्र से ब्रह्माकुमारी सरस्वती बहन, संस्था के ब्रह्मा कुमार फिरतु एवं बिर्रा क्षेत्र के ब्रह्मा कुमार कमलेश व अन्य लोग उपस्थित थे।

### भक्त माता कर्मा जयंती पर निकली शोभा यात्रा



**खरौद।** नगर पंचायत खरौद एवं खरौद परिक्षेत्र में भक्त माता कर्मा जयंती मनाया गया। इस दौरान शोभा यात्रा निकालकर कर्मा नृत्य के साथ पूरे नगर का भ्रमण कराया गया, जिसमें नगर साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे नगर भ्रमण के बाद संत कर्मा माता भवन तिवारी पारा खरौद पहुंच कर मां कर्मा की आरती एवं पूजा अर्चना किया गया, उसके पश्चात खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती अभिलाषा साहू, पुष्कर साहू, निरंजन साहू, रामेश्वरी अरुण साहू, भवानी शंकर साहू, सुनीता रमेश साहू, राजेश साहू, नंदलाल साहू, लखनलाल साहू, रामकुमार साहू, राधेश्वरी रामखेलावन साहू, गुलजारीलाल साहू, कामिनी श्यामलाल साहू, कमलेश साहू, गोपाल साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्णिमा पवन साहू, संजय साहू, रामलाल साहू, नकुल साहू, दीपक साहू, रामशंकर साहू,रमेश साहू, टालूराम साहू, रामकृष्ण साहू, कोमल साहू, रामखेलावन साहू। मनीष साहू एवं साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## निधन

### पं. सीताराम द्विवेदी



**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर में पदस्थ व्याख्याता शिव काली मंदिर हटरी बाजार निवासी पं. सीताराम द्विवेदी का सोमवार 16 मार्च को असामयिक निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। स्व. द्विवेदी अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को ही अपरान्ह 4 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

### प्रदीप कुमार कश्यप



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम बोरदा (खरौद) के प्रतिष्ठित नागरिक प्रदीप कुमार कश्यप का सोमवार 16 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। वे ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदार, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पीआईएल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन, विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# सुरक्षा को औपचारिकता न समझें : पारीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड चांपा में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ यूनिट हेड एमके पारीक ने ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई।

सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर कर्मचारियों एवं श्रमिकों के द्वारा सुरक्षा संबंधित गीत एवं नुक्कड-नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.के.पारीक यूनिट हेड, अध्यक्ष शिवदयाल कर्ष अध्यक्ष, इंटक युनियन, विशिष्ट अतिथि उदय सिंह कारखाना प्रबंधक, एस.कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल विभाग, डॉ. लोकेंदर लगर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लोकेंदर सिंह महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल विभाग, बजरंग तिवारी महाप्रबंधक पॉवर प्लांट, अशोक वैष्णव सहायक उपाध्यक्ष, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग उपस्थित थे। कार्यक्रम में अशोक वैष्णव के द्वारा वर्ष 2026 में दुर्घटनाओं की



कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाते अतिथि।

विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षा अधिकारी है। कार्य करते समय यह ध्यान देना चाहिए कि मैं सुरक्षित रूप से कार्य कर रहा हूं कि नहीं। डॉ लोकेंदर लगर ने कहा कि सुरक्षा उपकरण को धारण कर कार्य करना सही है। प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्य को पूरी समझदारी से करे। शिवदयाल कर्ष ने इंटक यूनियन की ओर से कहा कि सुरक्षा केवल हमारी ही नहीं अपितु पूरे परिवार एवं समाज की सुरक्षा है। उदय सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि सुरक्षा केवल कार्यक्षेत्र में नहीं अपितु घर से शुरू होनी चाहिए। मुख्य अतिथि श्री पारीक ने कहा कि सुरक्षा को औपचारिकता न समझें यह हम सब की जिम्मेदारी है क्योंकि यदि कार्यक्षेत्र में किसी कर्मचारी की चूक से दुर्घटना होती है तो वहॉ का विभाग, पूरा प्लांट एवं परिवार चिन्तित होता है। इसलिए आप सभी सुरक्षित कार्य पर आये एवं सुरक्षित कार्य करें। इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। समारोह में सप्लायर के द्वारा सेफ्टी उपकरण प्रदर्शिनी का स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग संतोष थवाईत ने एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्रबंधक, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग देवेन्द्र राठौर ने किया। कार्यक्रम में पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग से विवेक ए. सिंह, राकेश शर्मा, अमर जलतारे, भास्कर सिंह राजपूत, जैनेन्द्र कुम्हार, शुभम शाह, ब्रिजेश बहादुर पाल, राजेन्द्र मिश्रा, प्रमोद अग्रवाल, आशिष सिंह, रामेश्वर पटेल, रामकुमार पटेल, पी एण्ड ए, हार्टिकल्चर, कल्याण विभाग, डिस्पेंसरी, फॉयर एवं सुरक्षा विभाग के साथ-साथ समस्त इकाईयों, विभागों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में कारखाना के अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित थे।



बच्चों को जानकारी देते चिकित्सक।

## बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- भगत सिंह पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

वेल विशर फाउंडेशन के तत्वावधान में भगत सिंह पब्लिक स्कूल, अकलतरा में विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी और सलाह दी गई।

शिविर में डॉ. दयामणि साहू , डॉ. मंजु साहू, तीजा सिंह , अनीता साहू , पियूष सिंह दहिया, बबीता पाटले, रामकुमार यादव, केवसाहेब चिखाकर , भुवनेश्वर जोगी, विकास कौशिक, अंकु गोपाल एवं डॉ. निधि श्रीवास्तव ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों की आंखों, दांतों, वजन, ऊंचाई और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की।डॉक्टरों द्वारा बच्चो को गर्मी के मौसम में अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह एवं दीपक साहू ने विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रुचिका तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभदायक होते हैं। इस दौरान विद्यालय के संचालक श्रीपाल सिंह बैस एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीना सिंह बैस ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया, जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।कार्यक्रम का संचालन सचिव चिराग शर्मा व आभार श्रीपाल सिंह बैस ने किया।कार्यक्र में दीपक साहू,विद्यालय की उपप्राचार्या अचला सिंह चंदेल, श्रीमती सुनीता सिंह, सुश्री मधुलता ध्रुवे, श्रीमती वाहिनी सिंह एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## कूटरचना कर सरकारी योजना का लिया लाभ, दो के खिलाफ एफआईआर

**जांजगीर-चांपा।** निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता राशि पाने किया फर्जीवाड़ाजांजगीर - चाम्पा। सरकारी योजना का लाभ पाने जिले में फर्जीवाडा करने का मामला सामने आया है। निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता योजना की राशि पाने मृतिका के पति ने पंचायत सचिव के साथ मिलकर यह काम किया। मामले की शिकायत के बाद हुई जांच के पश्चात बिर्रा थाने में पंचायत सचिव और मृतका के पति के खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने 2 मार्च को एस पी और कलेक्टर को लिखित आवेदन सौंप कर मामले की शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि बिर्रा निवासी स्व. सुमन बाई पटेल पति अशोक पटेल के नाम पर श्रम विभाग में फर्जी पंजीयन कराकर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का अनुचित लाभ लिया गया है।महिला की मौत के बाद कूटरचित दस्तावेज तैयार कर श्रम विभाग में पंजीयन कराकर फर्जीवाडा करते हुए सरकारी सहायता राशि लिए जाने का आरोप लगाया गया। शिकायत से संबंधित दस्तावेज भी दिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम बनाई गई। थाना बिर्रा में जाच शुरू की गई। साथ ही अतिरिक्त कलेक्टर के नेतृत्व में शिकायत की जांच की गई। आगनबाडी कार्यकर्ता और मितानिन के कथन लिए गए। मृत्यु पंजी, साक्ष्य, कथन एवं दस्तावेज के आधार पर सुमन बाई पटेल मृत्यु 2 जून 2025 को होना संदेहास्पद होने पर बिर्रा थाने में एफ आई आर दर्ज कराई गई। श्रम पदाधिकारी के लिखित आवेदन पर प्रथम दृष्टया पर मृतिका के पति अशोक पटेल पिता धनीराम पटेल तथा ग्राम पंचायत बिर्रा के सचिव रोहित पटेल के खिलाफ धारा 318 (4).3 (5) बी.एन.एस. का अपराध पजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना के दौरान अन्य लोगों की संलिप्तता पाए जाने पर प्रकरण में नाम जोड़ कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की बात कही जा रही है।

## लोक अदालत में 29 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नेशनल लोक अदालत में उपस्थित प्रधान न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत, न्यायाधीश एवं अधिवक्तागण।

- 3 करोड़ 81 लाख 57 हजार से अधिक के अवार्ड परित

वर्ष 2026 का प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को जिला न्यायालय, समस्त तालुका न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों में हुआ। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत ने दीप प्रज्जवलित कर की।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने सभी को संबोधित करते हुए नेशनल लोक अदालत के महत्व बताते हुए अधिक से अधिक प्रकरण को सफल बनाने हेतु आवश्यक सहयोग करने को कहा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा द्वारा वर्ष 2026 के प्रथम नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए नेशनल लोक अदालत के महत्व एवं उद्देश्य साझा किया गया। वर्ष का प्रथम नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय जांजगीर, समस्त तालुका न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालय में 40 खंडपीठों में रखे गए 44 हजार 811 प्रकरणों में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 29 हजार 810 प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही तीन करोड़ इक्यासी लाख सतावान हजार अठासी रुपये का अवार्ड पारित हुआ। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, अधिवक्तागण, अधिकारी, कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर, शासकीय टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर विधि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### राहौद में राजस्व पखवाड़ा के तहत जनसमस्या शिविर आज

**राहौद।** राहौद में जन समस्या निवारण शिविर राजस्व पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार 17 मार्च को सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक पटवारी कार्यालय राहौद शिविर लगेगा, जहां राजस्व एवं अन्य किसी विभाग से संबंधित शिकायत, आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में नक्शा बटांकन, आधार एवं मोबाईल प्रविष्टी, डिजीटल हस्ताक्षर, डिजीटल क्राप, फार्मर रजिस्ट्री, आय, जाति, निवास, भुंईया पोर्टल की त्रुटि , नामांतरण ,फौती सहित अन्य राजस्व से संबंधित समस्यायों व शिकायतों के समाधान के लिए उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते। शिविर में राजस्व विभाग के अधिकारी- कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहेंगे। शिविर में मांग, शिकायत व समाधान से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने किया भगवान शिवरीनारायण का दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



पीएम श्री गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अभनपुर, जिला रायपुर के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ शिवरीनारायण पहुंचकर नगर भ्रमण के साथ भगवान शिवरीनारायण का दर्शन पूजन किया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ का प्रसाद शिवरीनारायण मठ में प्राप्त किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि ये सभी विद्यार्थी अभनपुर से यहां आए हुए हैं। अभनपुर श्री दूधाधारी मठ रायपुर का गांव है। वहां श्री बालाजी भगवान का सुप्रसिद्ध मंदिर स्थित है। इन्होंने यहां भगवान जगन्नाथ जी का भोजन प्रसाद प्राप्त किया है। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य तथा स्टाफ का साल एवं भगवान शिवरीनारायण का तैल चित्र भेंट करके सम्मान किया। स्कूल के प्राचार्य श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि यह पवित्र स्थान है जहां हम सभी को पुण्य लाभ एवं आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। सभी छात्र-छात्राओं ने महानदी की त्रिवेणी संगम और खरौद नगर पहुंचकर भगवान लक्ष्मेश्वर महादेव का भी दर्शन पूजन किया। उन्होंने शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त महाराज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर विशेष रूप से सुखराम दास जी, त्यागी जी महाराज, टुक राम वर्मा, पुरेंद्र सोनी, गणेश नेताम, हर्ष दुबे, खगेश वर्मा, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## कोसला को 'प्रसाद योजना' में शामिल करने प्रतिनिधिमंडल मंत्रियों से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के पश्चात अब कोसला धाम के कायाकल्प की तैयारी शुरू हो गई है। इसी पावन उद्देश्य को लेकर माता कौशल्या जन्मभूमि स्थाई सेवा समिति के एक 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों से सौजन्य मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'प्रसाद योजना' के अंतर्गत कोसला धाम को शामिल करने तथा अयोध्या धाम की तर्ज पर यहां एक भव्य और दिव्य मंदिर के निर्माण की मांग प्रमुखता से रखी। समिति का लक्ष्य कोसला धाम को एक प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने माता कौशल्या का चित्र सप्रेम भेंट किया और विस्तृत चर्चा की, जिनमें अरुण साव उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, राजेश अग्रवाल मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अजय चंद्राकर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक से भेंट-मुलाकात चर्चा हुई। चर्चा के दौरान समिति ने इस अति



मंत्री को माता कौशिल्या का तस्वीर भेंट करता प्रतिनिधि मंडल।

महत्वपूर्ण धार्मिक विषय को विधानसभा के पटल पर रखने का आग्रह किया, जिस पर सभी मंत्रियों और विधायकों ने अपनी सकारात्मक सहमति जताई और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि जिस प्रकार राम लला के मंदिर का सपना पूर्ण हुआ है, अब कोसला धाम में माता कौशल्या के मंदिर को भव्य रूप देना ही उनका मुख्य संकल्प है।

## 11वीं बटालियन ने मनाया 21वां स्थापना दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुटपुरा स्थित 11वीं बटालियन का 21वां स्थापना दिवस समारोह 14 मार्च को पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय एवं बटालियन के कमाण्डेन्ट विमल कुमार बैस की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया गया।

समारोह में उप सेनानी संतोष कुमार बोरकर, सहायक सेनानी ए.पी.एस. टोप्पो, मनोज राजपूत, अजयदान मिंज कंपनी कमाण्डर मीनाराम तथा वाहिनी परिवार द्वारा शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बटालियन स्थापना दिवस के अवसर पर वाहिनी के जवानों, परिवारों एवं बच्चों का खेलकूल प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि विजय पाण्डेय एवं कमाण्डेन्ट विमल कुमार बैस द्वारा पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ती नक्सल समस्या के कारण आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारत सरकार गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा बटालियन की स्वीकृति उपरांत वाहिनी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 49 के अन्तर्गत जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा से 8 कि.मी. की दूरी पर ग्राम पुटपुरा में बटालियन के स्थापना हेतु 37.409 हेक्टेयर भूमि आबंटित कर 14 मार्च को 11वीं बटालियन (भारत / रक्षित) छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का गठन हुआ था। गठन से ही बटालियन की सभी कंपनियां घोर नक्सल प्रभावति क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहे है। बटालियन गठन से अब तक 6 अधिकारी-कर्मचारी नक्सलियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए है।



कार्यक्रम में मंचस्थ एसपी विजय पांडेय को बुके भेंट कर स्वागत करते उप सेनानी व अन्य।

### वितरण और भंडारण को लेकर कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

# गैस सिलेंडर की पर्याप्त आपूर्ति, अफवाहों से बचें, जरूरत अनुसार ही करें बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को घबराने या अनावश्यक रूप से बार-बार गैस बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने एलपीजी की बुकिंग, वितरण और भंडारण को लेकर आवश्यक निर्देश जारी करते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों या दुष्प्रचार से प्रभावित न हों और निर्धारित प्रक्रिया तथा समय अंतराल के अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग कराएं।

कलेक्टर ने बताया कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा दो रिफिल बुकिंग के बीच न्यूनतम समय



अंतराल निर्धारित किया गया है। इसके तहत नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल के बाद ही उपभोक्ता रिफिल गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के बाद उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त डीएसी अथवा ओटीपी नंबर के आधार पर संबंधित गैस एजेंसी से सिलेंडर प्राप्त किया जा सकता है या होम डिलीवरी के माध्यम से घर तक उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी कारणवश सामान्य प्रक्रिया से बुकिंग करने में समस्या आती है, तो उपभोक्ता संबंधित ऑयल कंपनियों के मोबाइल ऐप या उनकी वेबसाइट के माध्यम से भी गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सकते हैं। कलेक्टर श्री तोपनो ने व्यवसायिक गैस उपभोक्ताओं के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ऑयल कंपनियों और शासन के निर्णयानुसार व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति अत्यावश्यक सेवाओं जैसे अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में विस्फोटक लाइसेंस के अभाव में अधिकतम 100 किलोग्राम तक ही एलपीजी भंडारण का प्रावधान है। होटल, रेस्टोरेंट, अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा विवाह समारोह के आयोजकों से अपील की गई है कि गैस की खपत को कम करने के लिए भोजन के मेन्यू को सीमित रखें और तंदूर के साथ-साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत जैसे डीजल स्टोव, इलेक्ट्रिक इंडक्शन, लकड़ी अथवा सीमित मात्रा में गोबर के कंडों का उपयोग भी करें। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा विकासखंडवार राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों के माध्यम से लगातार निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है, ताकि कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।




